## पुरानी समिति बर्खास्त, अब सरकारी शिकंजे में होगा मां का खजाना

# सिंहपुर काली मंदिर में आस्था पर निजी डकैती

### राजस्व न्यायालय के कड़े फैसले से निजी हित साधने वाले मठाधीशों में हडक़ंप

**शहडोल। जिले के ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र मां काली मंदिर सिहपुर में वर्षों से चल रहे अंधेरगर्दी के खेल का पर्दाफाश हो गया है। श्रद्धा के नाम पर चढ़ावे की राशि से अपनी तिजोरियां भरने वाली कथित मंदिर समिति के पाप का घड़ा आखिरकार फूट गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास सोहागपुर ने एक ऐतिहासिक आदेश पारित करते हुए तत्कालीन समिति को तत्काल प्रभाव से समाप्त (बर्खास्त) कर दिया है। अब मां काली की सेवा और मंदिर का प्रबंधन किसी निजी गिरोह के हाथ में नहीं, बल्कि सीधे सरकारी नियंत्रण में होगा।**



### चढ़ावे से ऐश, हिसाब में शून्य

जांच प्रतिवेदन में जो खुलासे हुए हैं, वे चौकाने वाले हैं। मां काली के दरबार में भक्त हर साल 5 से 6 लाख रुपये का नकद चढ़ावा और भारी मात्रा में सोना-चांदी अर्पित करते हैं, लेकिन इस भारी-भरकम राशि का कोई हिसाब-किताब मंदिर के खाते में नहीं था। न्यायालय के आदेश में साफ कहा गया है कि श्रद्धालुओं द्वारा जो भी चढ़ावा दिया जाता था, उसका तत्कालीन समिति द्वारा निजी हित में उपयोग करना पाया गया है। 17 अक्टूबर 2023 से पूर्व का कैश बुक में कोई लेखा-जोखा ही नहीं मिला। यह सीधे तौर पर आस्था के साथ खिलवाड़ और सार्वजनिक धन की खुली लूट थी। भक्तों के पैसों से मंदिर का विकास करने के बजाय समिति के सदस्य स्वयं के ऐश-ओ-आराम पर राशि खर्च कर रहे थे।

### जांच में खुली पोलः गायब मिले दस्तावेज

जब प्रशासन ने मंदिर की आय-व्यय का विवरण मांगा, तो समिति के हाथ-पांव फूल गए। कई बार समय देने के बावजूद वे ऑडिट रिपोर्ट और रसीद कट्टे पेश नहीं कर सके। जांच में पाया गया कि मंदिर की कीमती 5.645 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर भी कुछ लोग गिद्ध दृष्टि जमाए बैठे थे। पंचायत द्वारा लगाई गई आपत्तियों को भी न्यायालय ने निजी स्वार्थ से प्रेरित मानकर खारिज कर दिया है।

### अब लोक न्यास करेगा न्याय

प्रशासन ने अब सिंहपुर काली मंदिर को म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत पंजीकृत कर इसे सार्वजनिक ट्रस्ट घोषित कर दिया है। अब कलेक्टर शहडोल मंदिर के पदेन प्रबंधक होंगे। तहसीलदार सोहागपुर को मंदिर प्रबंधन का संपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। अब मंदिर के नाम से संचालित खाते में ही पैसा जमा होगा। इस खाते पर कोई एटीएम जारी नहीं होगा, ताकि धन की निकासी में पारदर्शिता रहे।

### सोने-चांदी और नकदी का बड़ा भंडार

प्रशासनिक जांच के दौरान मंदिर के पास मौजूद चल-अचल संपत्ति का जो कच्चा चि_ा सामने आया है, वह किसी की भी आंखें खोल देने वाला है। नकदी व बैंक बैलेंस लगभग 1,55,000 रुपये से अधिक की राशि। सोना 99.620 ग्राम, चांदी 3 किलो 139 ग्राम, मां काली और भगवान श्री राम के मुकुट, छत्र, पायल और अंगूठी सहित दर्जनों कीमती गहने।

### नई कार्यकारिणी का गठन

मंदिर को अब एक सशक्त सरकारी टीम चलाएगी, जिसमें एसडीएम सोहागपुर (संरक्षक), एसडीओ पुलिस, पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग के अधिकारी सदस्य होंगे। साथ ही स्थानीय विधायक और सांसद के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल रहेंगे। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि कोई भी न्यासधारी मंदिर की संपत्ति का उपयोग अपने निजी हित के लिए नहीं करेगा। यदि किसी ने मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण किया या दान पेटी के पैसे में हेराफेरी की, तो उसके खिलाफ सीधे आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। अब मंदिर में क्यूआर कोड भी लगाया जाएगा ताकि भक्त सीधे मंदिर के खाते में राशि जमा कर सकें।

## खबर संक्षेप

### शांति देवी मेमोरियल का शानदार प्रदर्शन





शहडोल। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले शांति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर सफलता का इतिहास रच दिया है। हाल ही में घोषित कक्षा 5वीं एवं 8 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय ने शत- प्रतिशत (100 प्रतिशत) सफलता हासिल कर जिले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सभी छात्र-छात्राओं के उत्तीर्ण होने की खबर लगते ही विद्यालय परिसर में जश्न और हर्ष का माहौल छा गया।

### सुरक्षित पर्यटन के लिए 1000 बेटियां बनीं कवच



शहडोल। मध्य प्रदेश के दिल में अब सैलानी बेखौफ घूमेंगे, क्योंकि शहडोल की बेटियां पर्यटन स्थलों की सुरक्षा और सत्कार की कमान संभालने को तैयार हैं। छतवई स्थित सीएम राइज स्कूल के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना का ऐसा रोडमैप पेश किया गया, जिसने जिले में पर्यटन की नई इबारत लिख दी है।

आत्मरक्षा की लाठी और मार्शल आर्ट का दम इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के माध्यम से संचालित इस प्रोजेक्ट ने शहडोल क्लस्टर (अमरकंटक, बांधवगढ़ और शहडोल) को सुरक्षा का किला बना दिया है। कार्यशाला में खुलासा हुआ कि जिले की 1000 छात्राओं को लाठी संचालन, जूडो-कराटे और मार्शल आर्ट का कड़ा प्रशिक्षण देकर सेफ्टी गाड्र्स के रूप में तैयार किया गया है। अब कोई भी मनचला पर्यटन स्थलों पर दखल देने की हिमाकत नहीं कर पाएगा।

#### सिर्फ सुरक्षा नहीं, स्वरोजगार का भी शंखनाद

आईजीएस क्लस्टर समन्वयक सुशील कुमार पाण्डेय ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि यह अभियान केवल कागजी नहीं है। अब तक 200 युवतियों को प्रोफेशनल स्किल ट्रेनिंग दी जा चुकी है, जिनमें से 100 से अधिक महिलाएं सीधे तौर पर रोजगार और स्वरोजगार से जुडक़र आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। ये महिलाएं आर्ट, क्राफ्ट और टूरिस्ट फैसिलिटेटर के रूप में आर्थिक क्रांति ला रही हैं।

#### हिंदुस्तान के दिल में आप सेफ हैं

लकी ग्रुप के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से संदेश दिया कि शहडोल में महिला सैलानी पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुरातत्वविद् डॉ. रामनाथ सिंह परमार ने शहडोल की ऐतिहासिक विरासतों की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यशाला में सीएम राइज की प्रिंसिपल अर्चना खरे, खेल समन्वयक पुष्पराज सिंह सहित 300 से अधिक प्रबुद्ध नागरिक, रिसॉर्ट संचालक और अभिभावक मौजूद रहे। शहडोल अब केवल बांधवगढ़ के बाघों के लिए नहीं, बल्कि वूमेन फ्रेंडली टूरिज्म के लिए जाना जाएगा। प्रशासन और आईजीएस की इस जुगलबंदी ने स्थानीय युवाओं के लिए तरक्की के नए द्वार खोल दिए हैं।

## पशुपालन, मुर्गीपालन एवं मत्स्यपालन की गतिविधियां अपनाएंः संयुक्त संचालक




### मुर्गीपालन विषय पर आधारित कृषक संगोष्ठी का किया गया आयोजन, आदान सामग्री वितरित

शहडोल। राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जनजाति उपयोजना अंतर्गत वित्तपोषित ग्रामीण उद्यमिता के लिए मुर्गीपालन विषय पर आधारित कृषक संगोष्ठी एवं आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल में किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक कृषि जे.एस.पेन्द्राम ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहाँ गाँवों की प्रधानता है। जीविकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि के साथ-साथ कृषि आधारित व्यवसाय जैसे पशुपालन, कुक्कुट पालन, डेयरी उद्योग, फल उत्पादन, मशरूम उत्पादन इत्यादि हैं। गाँवों की अधिसंख्यक आबादी सीमांत व लघु कृषक अथवा भूमिहीन श्रमिकों की है जिनको गाँव में पर्याप्त रोजगार न होने के कारण शहरों की तरफ पलायन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिवेश में खेती के साथ-साथ अन्य व्यवसायों को अपनाना गाँवों के विकास के लिए नितांत आवश्यक है। कुक्कुट पालन व्यवसाय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह ने किसानों को बताया कि भारत में विश्व की सबसे बड़ी कुक्कुट आबादी है, अधिकांश कुक्कुट आबादी छोटे, सीमान्त और मध्यम वर्ग के किसानों के पास है। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में कुक्कुट पालन से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी तथा पोषण व खाद्य सुरक्षा की सुनिश्चितता आदि अनेक फायदे हैं। माँस व अण्डों का प्रबन्धन करना तथा किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति ने किसानों को बताया कि मुर्गीपालन कम पूंजी में शुरू होने वाला लाभकारी व्यवसाय है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकते हैं। वैज्ञानिक तरीके से मुर्गीपालन अपनाने पर कम समय में अच्छी आय अर्जित की जा सकती है साथ-साथ मुर्गी का मल का उपयोग बटन मशरूम उत्पादन हेतु कम्पोस्ट बनाने तथा खाद के रूप में खेतो में प्रयोग से फसल की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी होती है। भारत में कुपोषण एवं गरीबी की समस्या को दूर करने के लिए पारम्परिक मुर्गी पालन अथवा घर के पिछवाड़े मुर्गी पालन की यह पद्धति प्राचीन काल से प्रचलित है। इसमें प्रायः 5-20 मुर्गियों का छोटा सा समूह एक परिवार के द्वारा पाला जाता है, जो घर एवं उसके आस-पास में अनाज के गिरे दाने, झाड़-फूसों के बीच कीड़े-मकोड़े, घास की कोमल पत्तियाँ तथा घर की जूठन आदि खाकर अपना पेट भरती है। इसके रात्रि विश्राम के लिए घर के टूटे-फूटे भाग व खंडहर काम में लाए जाते है। इस प्रकार घर के रखरखाव एवं खाने-पीने पर कोई खास खर्च नही आता है। साथ ही ग्रामीण परिवारों के लिए उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन स्त्रोत उपलब्ध हो जाता है एवं कुछ मात्रा में मांस व अंडा बेच लेने से परिवार को अतिरिक्त आमदनी हो जाती है। कुक्कुट पालन किसानों की आर्थिक अवस्था सुधारने का महत्वपूर्ण उद्योग है। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से आए किसानों, युवाओं एवं महिला स्व-सहायता समूहों की उत्साहजनक सहभागिता रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. अल्पना शर्मा, दीपक चौहान डॉ. नितिन सिंघई, ऋषि राज नेगी, भगवत प्रसाद पन्द्रे, का विशेष योगदान रहा।

## आओ बचाएं जल, सुरक्षित करें कल



### जनसहयोग से मोरखी नाला में किया गया बोरी बंधान

शहडोल। जल प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अमूल्य उपहार है, जो समस्त जीव-जगत के अस्तित्व का आधार है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। इसलिए हमें जल की एक-एक बूंद का महत्व समझना होगा और इसके संरक्षण के लिए जागरूक होना होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। इस अभियान के तहत जल बचाने, संरक्षित करने एवं जल का महत्व बताने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी अनुक्रम में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम छपरा टोला में बिजहरा मोरखी नाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन सहयोग से बोरी बंधान का कार्य किया गया एवं जल का सही उपयोग करने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। बोरी बंधान होने से पशुओ के लिए जल उपलब्ध होगा वहीं जल स्तर में भी वृद्धि होगी।

### संकल्प से समाधान अभियान में 96 प्रतिशत आवेदनों का हुआ समाधान

शहडोल। राज्य शासन के निर्देशानुसार शहडोल संभाग में जनसमस्याओं के निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर, जनपद स्तरों पर शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से संभाग में 167953 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 1,61,401 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इस प्रकार संभाग का कुल निराकरण प्रतिशत 96 है। संभाग में शहडोल जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98.81 प्रतिशत निराकरण के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। जिले में कुल 69,798 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68,967 का निराकरण किया गया तथा 831 आवेदन लंबित हैं। वहीं अनूपपुर जिला में 95.53 प्रतिशत निराकरण दर्ज किया गया है। यहां कुल 63,979 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 61,118 का निराकरण किया जा चुका है और 2,861 आवेदन लंबित हैं। उमरिया जिला में 91.63 प्रतिशत निराकरण हुआ है। जिले में कुल 34,176 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 31,316 का निराकरण किया गया, जबकि 2,860 आवेदन लंबित हैं।

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर नगर पालिका की सख्त कार्रवाई



शहडोल। नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। चौपाटी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानदारों को गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर नगर पालिका की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 1000 का जुर्माना अधिरोपित किया। साथ ही, प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई।निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा कचरे का निपटान केवल निर्धारित कचरा वाहनों के माध्यम से ही करें। नियमों की अनदेखी करने पर भविष्य में और कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसी क्रम में बुढार चौक क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दो दुकानदारों के पास से कुल 5.3 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। इस उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों से 1000 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार स्वच्छता नियमों के उल्लंघन एवं पॉलिथीन प्रतिबंध के मामलों में कुल 2000 की राशि वसूल की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता नियमों एवं पॉलिथीन प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें, डस्टबिन का उपयोग करें ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान को गति देने सीईओ ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**शहडोल। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को जन आन्दोलन बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों का कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति की अध्यक्षता में जिला पंचायत में बैठक सम्पन्न हुई।**




सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि गांव-गांव में जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने जन अभियान परिषद को निर्देश दिए कि दीवार लेखन, रैली, संगोष्ठी आदि का आयोजन कर श्रमदान के माध्यम से जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण एवं पुराने जल स्त्रोंतों का जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान दिया जाए। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग एवं वन समितियों के माध्यम से बोल्डर चेकडेम, कन्टूरट्रेंच , परकुलेशन टैंक तथा नए तालाबों का निर्माण एवं पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्य प्राथमिकता से करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में रूफ हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग डीपीसी तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर पानी की टंकियों की सफाई करने, स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था करने तथा रूफ हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को हैण्डपंपों के आस-पास साफ-सफाई एवं सोख पिट बनाने स्कूल, छात्रावास तथा अस्पतालों में पेयजल की टेस्टिंग करने तथा जल समितियों का गठन कर पंप ऑपरेटरों, जल समितियों के सदस्यों एवं जन अभियान परिषद की समितियों को पानी टेस्टिंग एवं नल जल संधारण के प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग को लघु सिंचाई योजनाओं, नहरों की मरम्मत, स्टॉप डैम, बैराज आदि के गेट की मरम्मत के साथ ही जल संरचनाओं के आस पास के अतिक्रमण हटाने तथा जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग को माईक्रों एरिगेशन क्षेत्र के विस्तार एवं जल चौपाल तथा कार्यशालाओं का आयोजन कर जन जागरूकता लाने के निर्देश दिए। इसी तरह किसान कल्याण विभाग को नए बलराम तालाबों का निर्माण तथा पुराने बलराम तालाबों की डिसिल्टिंग कर पुनः उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डाकघर और पासपोर्ट ऑफिस उड़ाने की धमकी से मचा हडक़ंप







शहडोल। संभाग में गुरुवार को उस वक्त बारूदी दहशत फैल गई, जब शहर के सबसे व्यस्त इलाके में स्थित मुख्य डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। अज्ञात ईमेल के जरिए मिली इस डिजिटल चुनौती ने पूरे प्रशासनिक महकमे की नींद उड़ा दी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

### ईमेल ने हिलाया सिस्टम

पूरा मामला तब शुरू हुआ जब भोपाल स्थित प्रधान कार्यालय को एक अज्ञात ईमेल प्राप्त हुआ। इसमें प्रदेश के डाकघरों और पासपोर्ट दफ्तरों को बम से उड़ाने की सीधी धमकी दी गई थी। हालांकि, ईमेल में जिले का स्पष्ट उल्लेख नहीं था, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर शहडोल डाकघर अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने बिना देर किए मोर्चा संभाला और तत्काल पुलिस अधीक्षक को वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

### डॉग स्क्वॉड और बीडीएस की सर्जिकल चेकिंग

धमकी की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी राजेंद्र मोहन दुबे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस और बम निरोधक दस्ता डॉग स्क्वॉड के साथ मुख्य डाकघर परिसर में दाखिल हुए। देखते ही देखते पूरा परिसर छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस की इस अचानक कार्रवाई को देख वहां मौजूद जनता और कर्मचारियों के पसीने छूट गए। खोजी कुत्तों की मदद से चप्पे-चप्पे को खंगाला गया, मेजों के नीचे से लेकर पार्सल के डिब्बों तक की बारीकी से जांच की गई। यही स्थिति पासपोर्ट कार्यालय में भी रही, जहाँ सुरक्षा घेरा और कड़ा कर दिया गया था।

### दहशतगर्दी बर्दाश्त नहीं

काफी घंटों की सघन तलाशी के बाद जब कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। सीएसपी दुबे ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह कार्रवाई एहतियाती तौर पर की गई है और प्रदेशव्यापी अलर्ट के चलते सुरक्षा एजेंसियां किसी भी चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहतीं।

### सोहागपुर पुलिस ने दबोचा शातिर बाइक चोर

शहडोल। अस्पतालों में तीमारदारों की मजबूरी का फायदा उठाकर हाथ साफ करने वाले गिरोह पर सोहागपुर पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक की है। आदित्य अस्पताल की पार्किंग से स्पलेंडर प्लस उड़ाने वाले शातिर चोर महफूज अंसारी को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है।बीती 13 मार्च को आयुष्मान मित्र रूपेन्द्र शर्मा की बाइक स्पताल परिसर से गायब हो गई थी। शातिर चोर ने फिल्मी अंदाज में मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर चंद सेकंडों में लॉक तोड़ा और रफूचक्कर हो गया। हालांकि, अस्पताल के तीसरी आंख ने इस करतूत को कैद कर लिया, जो बाद में पुलिस के लिए अहम सुराग साबित हुई।थाना प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिरों का जाल बिछाया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 25 मार्च को अंसारी कॉलोनी निवासी महफूज अंसारी उम्र 25 वर्ष को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया, जिसके बाद पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक जब्त कर उसे न्यायालय में पेश किया। इस त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय, उनि. आनंद झारिया, प्र.आर. मुकेश पटेल, राजकुमार जायसवाल, सुरेन्द्र पटेल और आरक्षक वीरेन्द्र पटेल की भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**उमरिया।** जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान के के डेहरिया ने बताया कि कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। उमरिया जिले में कक्षा 5वीं के 12609 छात्रो में से 12036 छात्रो ने परीक्षा दी, जिसमें 11772 छात्र उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षा परिणाम का प्रतिशत 97.81 रहा। इसी तरह कक्षा 8वीं में कुल दर्ज 10798 में से 9986 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 9343 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम का प्रतिशत 93.56 रहा।

## अवैध रेत चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर कोतमा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

**कोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में थाना कोतमा पुलिस द्वारा 25 मार्च को रात्रि में एक ट्रैक्टर ट्राली अवैध रूप से रेत परिवहन करते जप्त थी गई है। जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैक्टर ट्राली में चंगेरी घाट केवई नदी से अवैध रेत लोड कर विक्रय हेतु ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस बल रवाना किया गया तथा चंगेरी घाट से एक मेसी फर्गुसन 1035 जिसकी ट्राली में अवैध रेता लोड करते पाया गया जो ट्रैक्टर चालक पुलिस को दूर से ही देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टर मय ट्राली छोड़कर भाग गया जिसे समक्ष गवाहन के उपरोक्त ट्रैक्टर मय ट्राली में लोड अवैध रेता लगभग तीन घन मीटर कुल कीमती 5,05,000 रुपए की जप्त किया गया तथा उक्त अपराध धारा में अज्ञात आरोपी वाहन चालक एवं अज्ञात वाहन स्वामी का कृत्य धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का पाया गया जो अज्ञात आरोपी वाहन चालक एवं अज्ञात वैध वाहन स्वामी पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरी रत्नांबर शुक्ल, प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, आर. अभय त्रिपाठी की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 09 कोतमा में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

**कोतमा।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 09 कोतमा में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड 09 के पूर्व पार्षद रोशन वारसी रहे, जिन्होंने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नाजरा बेगम सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा विद्यालय प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि श्री वारसी ने कहा कि बाल शिक्षा ही समाज की सशक्त नींव है और आंगनबाड़ी केंद्र इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## 30 को एनसीओआरडी समिति की बैठक

**उमरिया।** नशा मुक्ति अभियान के सक्रिय क्रियान्वयन किए जाने हेतु नशीली दवाओ और शराब के अवैध व्यापार को रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम किया जाना है । जिले में नशा मुक्ति अभियान के सक्रिय क्रियान्वयन हेतु 30 मार्च को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक पश्चात एन सी ओ आर डी समिति की बैठक आयोजित की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

# श्रीरामनवमीं के पावन अवसर पर 'प्राकट्य पर्व' आज

### लोक एवं भक्ति गायन के साथ नृत्य प्रस्तुतियों में दिखेगी श्रीराम की महिमा

**उमरिया।** भगवान श्रीराम के सम्बन्ध में पौराणिक मान्यताओं के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी अनेक आख्यान, जनश्रुति प्रचलित हैं जो आम जनमानस में विश्वास के रूप में मान्य है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव की गरिमा अनुरूप, धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन उमरिया के सहयोग से 27 मार्च, 2026 को सायं 7 बजे से मंगल भवन परिसर, उमरिया में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम की महिमा देखने को मिलेगी। संचालक, संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि श्रीरामनवमीं के पावन अवसर पर नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जा रहा है। उमरिया में होने वाले कार्यक्रम में सर्वप्रथम बघेली लोक गायन की प्रस्तुति मुनीन्द्र मिश्रा, शहडोल द्वारा दी जाएगी। इसके बाद श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति डॉ. नेहा विश्वकर्मा, जबलपुर के निर्देशन में होगी। वहीं, गायिका सुश्री पल्लवी तिवारी, सिवनी द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा।



# महिलाओं को मुर्गी पालन प्रशिक्षण एवं चूजों का किया गया वितरण

**उमरिया।** कृषि विज्ञान केंद्र, उमरिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ के पी तिवारी के मार्गदर्शन में कार्यालय के सस्य वैज्ञानिक डा धनंजय सिंह, गृह वैज्ञानिक डा विनीता सिंह एवं कार्यक्रम सहायक कुंदन मुवेल द्वारा करकेली विकासखंड के पठारी कला, ताली एवं डबरौहा ग्राम तथा विकासखंड पाली के बरहाई ग्राम के कुल 20 आदिवासी महिला कृषकों को कडक़नाथ एवं नर्मदानिधि नस्ल की मुर्गी के चूजों का वितरण किया गया। मुर्गी पालन कार्य में सबसे बड़ी समस्या मुर्गी के चूजों की उपलब्धता की होती है। डबरौहा ग्राम कि महिला समूह को हैचरी यूनिट की मशीन कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया द्वारा उपलब्ध कराई गई , ताकि जिले के कृषकों को स्थानीय स्तर पर अच्छी नस्ल के चूजे मिल सकें। यह कार्य आई. सी. ए. आर.-निशाद, भोपाल द्वारा वित्तपोषित आदिवासी उप परियोजना के अंतर्गत किया गया। महिला कृषकों को मुर्गी के चूजों के साथ ही मुर्गियों के रहने का घर, मुर्गी के चूजों को फीड एवं चरी के बीज का वितरण किया गया। डॉ के पी तिवारी द्वारा बताया गया कि आज के समय में किसानों का ध्यान केवल परंपरागत खेती तक सीमित नहीं रह गया है। बदलते बाजार, बढ़ती मांग और रोजगार के नए अवसरों के कारण किसान अब विविध व्यवसायों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इन्हीं में से एक है पोल्ट्री फार्मिंग यानी मुर्गी पालन है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां कम पूंजी में व्यवसाय शुरू किया जा सकता है और लगातार आय प्राप्त की जा सकती है।

डा विनीता सिंह ने मुर्गियों के स्वास्थ्य और तेज़ विकास के लिए सही फीड बेहद आवश्यक है। चूजों को पहले 15 दिन तक बारीक दलिया (स्टार्टर फीड) दें। उम्र के अनुसार स्टार्टर, ग्रोअर और फिनिशर फीड अवश्य बदलें। फीड में विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन की संतुलित मात्रा होनी चाहिए। संभव हो तो किसान अपने खेत की सामग्री (मक्का, चना, बाजरा आदि) का उपयोग करके फीड तैयार कर सकते हैं। इससे लागत काफी कम हो जाती है। कुंदन मुवल द्वारा बताया गया कि पोल्ट्री फार्मिंग में शुरुआती 15 से 20 दिन चूजों के लिए सबसे संवेदनशील समय होता है। फार्म में डिसइंफेक्शन (कीटाणु-नाशन) का प्रयोग करें करें। हवा, नमी और रोशनी का संतुलन रखें ताकि चूजों का विकास सही तरीके से हो सके। अरुण रजक द्वारा मुर्गी पालन से सम्बंधित विडियो फिल्म भी दिखाए गए ताकि महिला कृषकों को मुर्गी पालन जानकारी से अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।

# युवा संगम रोजगार मेले में 18 युवाओं को मिला रोजगार




**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया । मेले में एलआईसी उमरिया, वर्धमान मंडीदीप भोपाल, राम फायनेंस उमरिया कुल 6 कंपनी ने भाग लिया । जिसमें प्रथम एजुकेशन जबलपुर में 9 युवाओ को तथा एस बी आई लाइफ इंशोरेंस उमरिया में 9 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया।साथ ही स्वास्थ्य विभाग व्दारा 18 आवेदको के स्वा0 का परीक्षण किया गया। सामाजिक न्याय विभाग व्दारा नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया ।

# सड़क दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार दो लोगों की मौके पर मौत

**कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है आए दिन हाईवे की सड़क खून से लाल हो रही है अभी 8 दिन पहले ही कार एवं ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो लोगों की मौत होने का मामला ठंडा नहीं



हुआ था कि फिर एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 अनूपपुर से मनेंद्रगढ़ जाने वाले हाइवे मे कोतमा के समीप बसखली चौराहा के आगे रीवा हाउस के पास बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात 3-4 बजे के लगभग पिकअप वाहन एवं दो पहिया वाहन मे भिड़ंत हो गई जिससे मोटर साइकिल सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी तत्काल ही डायल 112 को दी गई मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को पीएम के लिए कोतमा अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि श्रीराम फाइनेंस कंपनी ब्रांच शहडोल के अभिषेक कुमार पिता स्वर्गीय रामायण पाण्डेय उम्र 27 साल निवासी झाला थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी एवं ब्रजराज पिता रमेश कुमार तिवारी उम्र 27 साल निवासी शिवराजपुर थाना सिघपुर जिला सतना जो मनेंद्रगढ़ से वापस आ रहे थे तभी रात लगभग 3.30 बजे किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे सिर पर गंभीर चोट लगने एवं काफी खून बहने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया।

### विवेक शिक्षा निकेतन हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**कोतमा।** बुधवार को कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें नगर के विवेक शिक्षा निकेतन हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवी के छात्र शिवांश पाण्डेय 96.75 अंक के साथ अव्वल रहे वहीं कक्षा आठवीं की छात्रा पलक नापित 88.17 के साथ आगे रही। बच्चों की सफलता के लिए विद्यालय परिवार के साथ ही नागरिकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी है।

# सील फाउंडेशन ने सिलौड़ी में किया, जल मंदिर का शुभारंभ

**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करकेली जिला उमरिया के जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ल के मार्गदर्शन में सेक्टर करकेली की नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत यात्री प्रतिक्षालय सिलौड़ी में ''जल मंदिर (प्याऊ)'' का शुभारंभ शैलेन्द्र सिंह गहरवार के मुख्यातिथ्य में व सरपंच बुद्धसेन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। शैलेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा कि सील फाउंडेशन द्वारा की गई यह पहल न केवल आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर की गई है, बल्कि यह स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का भी प्रतीक है। संस्था के सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में यह सुविधा हर एक राहगीर के लिए बेहद लाभदायक



साबित होगी। प्याऊ के माध्यम से राहगीरों, मजदूरों एवं आमजन को भीषण गर्मी में ठंडा एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें काफी राहत मिलेगी। सी ल फाउंडेशन के सामाजिक कार्यकर्ता दीपक नामदेव ने कहा कि जल ही जीवन है, और आज के समय में जल संरक्षण के साथ-साथ जरूरतमंदों को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से जल बचाने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया। सरपंच बुद्धसेन सिंह ने कहा कि इस जल मंदिर से आने-जाने वाले लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को प्रतिदिन शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। सामाजिक सरोकार के तहत, प्याऊ की स्थापना जरूरतमंदों की सेवा और जल संरक्षण का संदेश देती है, जो सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्राचार्य राघवेंद्र पोर्ते,सील फाउंडेशन सदस्य अमन सिंह गहरवार,हिमांशु मिश्रा,आदित्य मिश्रा,युवा समाजसेवी केशव पाल, प्रमोद बर्मन,देव गुप्ता, बिसरतु बैगा,नरेंद्र बैगा सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अष्टमी पर घरों और मंदिरों में की गयी पूजा अर्चना

### मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**कोतमा।** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन की पूजा अर्चना मंदिरों और घरों में की गयी। कोतमा नगर पालिका क्षेत्र के गोबिंदा लहसुई कैंप सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के परासी, बुढानपुर गांव के दुर्गा मंदिरों में पूर्णाहूति की गयी। जिसके बाद माता की महाआरती का आयोजन हुआ। नवरात्र के अवसर पर गुरुवार को महाअष्टमी पर मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विधि विधान से मां की पूजा-अर्चना की गयी। श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा की थाल जिसमें नारियल, चुनरी, धूप, दीप, नवैद्य आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। मान्यता है कि अष्टमी को मां की महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी की अष्टमी शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन इनकी उपासना व पूजन करने की परंपरा रही है। माता का आठवां रूप अति सुन्दर है। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह गोल हैं, जिनसे विद्युत की ज्योति चमकती रहती है। मां महागौरी के दिव्य स्वरूप का ध्यान हमें लोभ, स्वार्थपरतता जैसी आसुरी शक्तियों से निजात दिलाकर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की राह दिखाता है। भक्तों ने पंडितों के सानिध्य में महागौरी का पूजन पाठ कर विधिपूर्वक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। आरती के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिये भक्तों की दिनभर भीड़ रही। नवरात्रि के आठवें दिन सुबह 4:00 बजे से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे थे। महिलाएं सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर माता को जल



चढ़ाने के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का माता के दर्शन करने के लिए ताता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर माता को अठवांइन का भोग लगाया।

श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद मंदिरों में पहुंचकर मुंडन कन्छेदन एवं कथा सुनते दिखे। लोगों ने अष्टमी के दिन नये वाहनों की भी खरीदी करते हुए मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। नवरात्रि के आठवें दिन नगर के पंचायती मंदिर, शारदा काली माता मंदिर, ठाकुर बाबा धाम स्थित कामेश्वरी मंदिर, बूढी माता मंदिर, धर्मशाला मंदिर, गोहंड्रा स्थित काली मंदिर, बुढानपुर गांव में स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन सुबह से लेकर दोपहर तक चलता रहा। लोगों ने अपने-अपने घरों में भी कन्या भोज का आयोजन कन्याओं के पैर पूजन के पश्चात कराया और उन्हें उपहार भी दिए। नवरात्रि के आठवें दिन नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रो के मंदिरों को रोशनी से जगमग किया गया था मंदिरों का नजारा ही देखते बन रहा था। नगर के ठाकुर बाबा धाम गोहंड्रा स्थित काली मंदिर, धर्मशाला मंदिर में भक्तों के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया था श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद लिया। अष्टमी तिथि पर मंदिरों मे महिला मंडल के समूह के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया साथ ही महिलाओं ने रामायण का पाठ भी साज आवाज की धुन पर किया। इस अवसर पर भारी संख्या मे महिलाएं उपस्थित रही।

### धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन शुक्रवार को रामनवमी का त्योहार नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों से जवारा जुलूस निकाला जाएगा जो नगर में भ्रमण करता हुआ नदी एवं सरोवर में जवारे का विसर्जन किया जाएगा। जावरा जुलूस नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर, पंचायती मंदिर, शारदा काली मंदिर, दफाई टोला मडिया, विकास नगर कॉलेज तिराहा मडिया, बूढी माता मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित दुर्गा मंदिर से निकली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्ग में काली के खप्पर नृत्य के साथ घूमेगी। ठाकुर बाबा धाम मंदिर से भगवान राम की झांकी भी निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण के पश्चात ठाकुर बाबा धाम मंदिर में समापन किया जाएगा।

# कोयलांचल में खुलेआम होटल ढाबो में किया जा रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग



### विभाग की नाक के नीचे रिफलिंग का कारोबार जोरों पर

**कोतमा।** वर्तमान में घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर लोग परेशान है गैस एजेंसी के सामने गैस लेने वालों की लंबी कतार देखी जा रही है वहीं दूसरी ओर उसका नगर में तीन दिनों से गैस एजेंसी के गोदाम में गैस सिलेंडर ही नहीं है इसको लेकर भी लोग एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कोयलांचल क्षेत्र में कार्यवाही न होने की वजह से घरेलू उपयोग के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम होटल ढाबा एवं ठेलों एवं चाय गुमटियों में उपयोग किया जा रहा है। जिले में व्हाइट रिफलिंग का कारोबार जोरों पर है प्रशासन से लेकर खाद आपूर्ति विभाग की नाक के नीचे घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडरों में गैस भरने का काम जारी है। इतना ही नहीं घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ले से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है जो कभी भी किसी बड़े खतरे का कारण बन सकता है। इससे राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर से लेकर कोयलांचल एवं ग्रामीण इलाके में अधिकतर होटल मिठाई व चाय की दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर का खुले आम इस्तेमाल हो रहा है। बावजूद इसके ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही। दूसरी ओर नियम यह है कि इस तरह के प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस की वजाय कामर्शियल सिलेंडरों का उपयोग किया जा सकता है। कई सालों से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक कामों में धड़ले से उपयोग हो रहा है। इन सिलेंडरों पर सब्सिडी जारी होने के बावजूद उनके व्यावसायिक उपयोग पर प्रतिबंध नहीं लग पाया है। कई होटल संचालकों ने व्यावसायिक गैस के कनेक्शन ले रखे हैं। वहां उनकी खपत हर महीने चार से पांच सिलेंडर की है मगर वह व्यावसायिक सिलेंडर की बजाय घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि कुछ होटल और चाय की दुकान चलाने वालों ने व्यावसायिक सिलेंडर के कनेक्शन लिए हुए हैं मगर यह भी बड़े सिलेंडरों की बजाय घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे हैं। यहां दुकानदार भी उपयोग के वक्त सिलेंडरों को छुपा कर रखते हैं सिलेंडर में बोरी या लाल कपड़ा ढक देते हैं ताकि कोई देख ना सके। नगर में ऐसे बड़े मिष्ठान की दुकान एवं रेस्टोरेंट मे भी घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग खुले आम किया जा रहा है ऐसे में सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### आसानी से मिल जाता है सिलेंडर

गैस का छोटे दुकानदारों को अवैध रिफलिंग के जरिए आसानी से मन मुताबिक गैस मिल जाती है। इसी का नतीजा है की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर देखे जा सकते हैं। नगर में ऐसे कई होटल है जिनमें अवैध रूप से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। यदि किसी होटल में सिलेंडर फटता है तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं पोर्टेबल जैंसेट कई वाहनों में अवैध गैस से चल रहे हैं। जिस पर खाद विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लिहाजा अवैध रूप से बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफलिग़ की जाती है और इन लोगों के हौसले बुलंद हैं। जब कमर्शियल सिलेंडर पर रोक लगाया गया है तो आखिर ऐसे दुकानदारों के पास घरेलू उपयोग का सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग के लिए कहां से मिलता है कुछ लोग दबी जुबान में यह भी बताते हैं कि 1200 से लेकर 1500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर आसानी से मिल जाता है इसलिए खुलेआम व्यावसायिक उपयोग में घरेलू गैस सिलेंडर को चला रहे हैं।

# जंगल में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार 26,990 नगद राशि व 6 नग मोबाइल व मोटर साइकिल जप्त

**कोतमा।** क्षेत्र मे जुआ माफियाओं के द्वारा पुलिस से बचने के लिए जंगलों मे जुआ खिलवाया जाता है। जिसमें दूर दूर से जुआरियों को बुलाकर जुआ खिलवाया जाता है। काफी दिनों से थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल को जुआ खिलवाये जाने की जानकारी मिल रही थी। बुधवार को थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पचखुरा के जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों के माध्यम से रुपये-पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम भेजकर मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही की। पुलिस को देखकर कुछ जुआडी भागने का प्रयास करने लगे, किंतु पुलिस की घेराबंदी के चलते 06 आरोपियों को मौके पर ही



रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से नगद राशि छब्बीस हजार नौ सौ नब्बे रुपए एवं 06 नग मोबाइल कीमती 34,500 रुपए एवं एक मोटरसाइकिल कीमती 50,000 रुपए तथा ताश के पत्ते जप्त किए गए। अभय राव उम्र 26 वर्ष निवासी कोठी वार्ड नंबर 9 थाना बिजुरी, रामू शर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी कोठी थाना बिजुरी. मनीष यादव उम्र 26 वर्ष निवासी कोठी थाना बिजुरी, सरित श्रीवास्तव उम्र 30 वर्ष निवासी कोठी थाना बिजुरी, अशोक प्रजापति उम्र 26 वर्ष निवासी थाना बिजुरी, मोहम्मद शब्बीर उम्र 33 वर्ष निवासी लहसुई गांव वार्ड नंबर 15 थाना कोतमा। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम एवं धारा 49 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल, प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, ज्ञानेंद्र पासी, आरक्षक संजय द्विवेदी, राकेश सिंह, स्वदेश चौहान, जितेंद्र मंडलोई, अनिल मरावी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### समय पर नहीं खुलता आंगनबाड़ी केंद्र



**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत रसपुर के वार्ड क्रमांक 3 का आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता सीता पटेल नियमित रूप से नहीं खोलती ग्राम वासियों ने बताया की मध्यान भोजन, पोषण आहार वितरण नहीं होता इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2की कार्यकर्ता निर्मला पटेल का आंगनबाड़ी केंद्र भी नियमित नहीं खुलता ग्राम वासियों ने कलेक्टर से लापरवाह कार्यकर्ताओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है ।

### दोनों हाथों से लूट रही महाकाल शहडोल की खनिज संपदा



**ब्यौहारी।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पौड़ी से चोरी छिपे महाकाल कंपनी द्वारा अवैध उत्पादन किया जा रहा है कंपनी द्वारा जिले की बसें कीमती खनिज को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है एक तो कंपनी द्वारा अवेद्युत खनन किया जा रहा है दूसरा दूसरे जिले की टीवी से परिवहन किया जा रहा है और तीसरा ओवरलोडिंग के जरिए प्रत्येक हाईवे में तीन ट्रॉली रेट अतिरिक्त ढोई जा रही इसके लिए जिम्मेदार खनिज विभाग प्रशासनिक एवं पुलिस हमला उदासीन बना हुआ है पिछले दिनों भमरहा में चार अवैध हाईवा पकड़े गए थे जिनके पास अनूपपुर की टीपी थी उसे मामले में खनिज निरीक्षक समय लाल गुप्ता द्वारा अवैध को वैध बना दिया गया और हाईवे को छोड़ दिया गया इससे साबित होता है कि खनिज सर्वेयर को लंबी रकम मिल रही है क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री एवं कमिश्नर से अवैध खनन एवं ओवरलोड हाईवा पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

इस संबंध में महाकाल कंपनी के मैनेजर अभिषेक निगम से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल बंद था।

### कवि साहित्यकार एवं रिटायर्ड शिक्षक नर्मदा प्रसाद गुप्ता जी का निधन



**ब्योहारी।** नगर के चन्द्रभान गुप्ता शिक्षक के पिता सुप्रसिद्ध कवि साहित्यकार एवं रिटायर्ड शिक्षक नर्मदा प्रसाद गुप्ता जी के निधन ब्योहारी नगर में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके निज निवास पहुच रहे हैं। आपका जन्म 1941 में एक वैश्य समाज में वह बचपन से ही पढाई अव्वल रहने के कारण आगे चलकर शिक्षक बने आपने साहित्य के क्षेत्र में काफी योगदान दिया।

### केंद्रीय विद्यालय झिन्झरी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केंद्रीय विद्यालय झिन्झरी में कक्षा-1 के साथ-साथ अन्य उच्च कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यालय प्रचार्य ने बताया कि कक्षा-1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 2 अप्रैल तक किया जा सकता है। अभिभावक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 मार्च तक कम से कम 6 वर्ष होनी चाहिए। सीटों का आरक्षण केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के प्रवेश दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा। जबकि कक्षा 2 और उससे ऊपर की कक्षाओं में प्रवेश केवल ऑफलाइन मोड में ही स्वीकार किए जाएंगे, बशर्ते सीटें रिक्त हों। इसके लिये 2 अप्रैल सुबह 10 बजे से 8 अप्रैल शाम 4 बजे तक पंजीकरण किया जा सकता है। अभिभावकों को विधिवत भरा हुआ फॉर्म सीधे विद्यालय के प्राचार्य कार्यालय में जमा करना होगा।

# राम रथ और खप्पर वाली के संग निकलेगा जवारे

## मां ज्वालामुखी धाम में कल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

**धनपुरी। चैत्र नवरात्रि की दुर्गा नवमी और श्रीराम नवमी के पावन संगम पर धनपुरी नगर भक्ति, आस्था और उत्साह के रंग में रंग गया है। आज शुक्रवार 27 मार्च को ऐतिहासिक मां ज्वालामुखी मंदिर से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा के साथ विशाल जवारा जुलूस निकाला जाएगा। शाम 6 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होने वाला यह आयोजन नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्रद्धा और परंपरा का अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत करेगा।**

इस भव्य शोभायात्रा में सुसज्जित राम रथ, आकर्षक झांकियां और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना देंगी। जुलूस के अग्रभाग में "खप्पर वाली" मां काली का जीवंत नृत्य और केसरिया ध्वज थामे युवाओं की टोली विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। "जय श्रीराम" और "जय माता दी" के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठेगा।



### हरियाली से सजे जवारे, काली नृत्य ने बढ़ाया आकर्षण

मां ज्वालामुखी मंदिर से निकलकर जुलूस कुदरा टोला, शासकीय टोला, कछिया टोला होते हुए आजाद चौक पहुंचेगा। इसके बाद झिरिया स्कूल, पुरानी बस्ती मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर लौटेगा, जहां विधि-विधान के साथ जवारा कलशों का विसर्जन किया जाएगा। जुलूस में हजारों की संख्या में महिलाएं सिर पर हरे-भरे जवारे लेकर चलेंगी, वहीं बच्चे और युवा पूरे उत्साह के साथ शामिल होंगे। काली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। लगभग आधा किलोमीटर लंबा यह जुलूस नगर का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जा रहा है, जिसमें करीब 3100 जवारे शामिल होंगे।

### नगर के हर वार्ड से निकलेगा जवारा जुलूस

धनपुरी के विभिन्न वार्डों—कालरी नंबर 1, अमलाई सहित कई क्षेत्रों से भी अलग-अलग जवारा जुलूस निकलेंगे, जो मुख्य जुलूस में शामिल होते हुए आजाद चौक पहुंचेंगे और अंततः मां ज्वालामुखी मंदिर स्थित कुंड में विसर्जन करेंगे। खेर माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों और शक्ति पीठों से भी जुलूस निकलेंगे, जिससे पूरा नगर एक साथ भक्ति में सराबोर नजर आएगा।

### जगह-जगह स्वागत और प्रसाद वितरण की भव्य व्यवस्था

जवारा जुलूस के स्वागत के लिए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। आजाद चौक, गोल बाजार, माइकल चौक सहित



विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी, खीर, चना प्रसाद, पानी पाउच और नाश्ते की व्यवस्था की गई है। सामाजिक संगठनों और व्यापारियों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया जाएगा।

**भक्ति का संगमः राम नवमी और दुर्गा नवमी एक साथ**

इस बार राम नवमी और दुर्गा नवमी का संयोग आयोजन को और भी विशेष बना रहा है। एक ओर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, तो दूसरी ओर मां शक्ति के जवारे—दोनों मिलकर भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे। यही कारण है कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में भी विशेष वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

### कल होगा विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील

राम नवमी के दूसरे दिन 28 मार्च शनिवार को मां ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में सुबह 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

**काली मंदिर में भी विशेष आयोजन**

वार्ड क्रमांक 1 स्थित काली मंदिर से भी 27 मार्च को शाम 6 बजे भव्य जवारा जुलूस निकाला जाएगा, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए ज्वालामुखी मंदिर पहुंचेगा। वहीं 29 मार्च रविवार को काली मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।आयोजन को लेकर मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के आयोजन में शामिल हो सकें।धनपुरी में नवमी का यह महापर्व एक बार फिर आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनेगा, जहां हर वर्ग के लोग एक साथ मिलकर भक्ति में डूबे नजर आएंगे।

# श्रीराम जानकी मंदिर में आज गूंजेगा 'भए प्रगट कृपाला', धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीराम जन्मोत्सव



**बुढार। नगर के प्रतिष्ठित श्रीराम जानकी मंदिर में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का समापन आज शुक्रवार, रामनवमी के शुभ अवसर पर होने जा रहा है। मंदिर में जारी अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति के साथ ही प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।**

### परंपरा का निर्वहन और विशेष आयोजन

मंदिर के साकेत वासी महंत श्री राम बालक दास महाराज द्वारा स्थापित गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान महंत अर्जुन दास महाराज ने बताया कि बड़े ही हर्ष का बिषय है कि नवरात्र के प्रथम दिन (बैठकी) से ही मंदिर में अखंड मानस पाठ और ज्वारे विसर्जन का कार्यक्रम अनवरत जारी है।

### आज रामनवमीं के अवसर पर

पूर्णाहुतिः नौ दिवसीय अखंड पाठ का विधि-विधान से समापन कर आहुति दी जाएगी।

जन्मोत्सवः मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव सुबह 11 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण और विशेष पूजा-अर्चना के साथ मनाया जाएगा।

### श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील

महंत अर्जुन दास महाराज ने बुढार नगर सहित आसपास के अंचलों के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों और श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करें और पुण्य क्षण के सहभागी बनें।

# लंबे समय से फरार दो स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**बुढार। के थाना बुढार पुलिस ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। ये आरोपी पुलिस की आंखों में धूल झोंककर काफी समय से छिप रहे थे।**

### गिरफ्तार किए गए वारंटी

**पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों का विवरण इस प्रकार हैः**

अजय विश्वकर्मा (23 वर्ष)ः पिता लल्लू विश्वकर्मा, निवासी वार्ड नं. 01,भुतही मोहल्ला, थाना बुढार। इनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा लंबे समय से स्थाई वारंट जारी किया गया था।

अमर केवट (30 वर्ष)ः पिता कन्हैयालाल केवट, निवासी सरकारी टोला, थाना बुढार। इनके विरुद्ध भी न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना और फरार रहने के कारण स्थाई वारंट लंबित था।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस की घेराबंदी

उक्त दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे, जिनकी तलाश में थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के निर्देशन में उनकी पुलिस की टीम सक्रिय थी। 25. मार्च को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने क्षेत्र में देखे गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और दोनों वारंटियों को धर दबोचा।

### न्यायालय में पेश किया


गिरफ्तारी के पश्चात दोनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया और वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### सराहनीय भूमिका

इस महत्वपूर्ण सफलता में थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस मुस्तैदी से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप है।

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई: बछड़ा चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार





**बुढार। शहडोल जिले के थाना बुढार क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बछड़ा चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता अर्जित की है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।**

25 मार्च 2026 को ग्राम कटकोना निवासी फरियादी हरीश कुमार शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका पालतू लाल रंग का जर्सी बछड़ा (उम्र लगभग 4 वर्ष), जिसे 24 मार्च को विचरण करने के लिए छोड़ा था, वापस घर नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान बछड़ा गांव के ही पुरुषोत्तम चौधरी के घर पर बंधा मिला, लेकिन आरोपी पुलिस और फरियादी को देखकर मौके से फरार हो गए। मामले की जांच के दौरान घटना स्थल के पास मौजूद गवाहों (तेजू सिंह मार्को एवं वाल्मीकि धुर्वे) से पूछताछ की गई। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि उक्त बछड़ा इन्होंने पुरुषोत्तम चौधरी और मस्तराम यादव से खरीदा था। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर निम्नलिखित दो आरोपियों को 26 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लियाःतेजू सिंह मार्को (45 वर्ष), पिता बुद्धु सिंह मार्को।वाल्मीकि सिंह धुर्वे (24 वर्ष), पिता गोली सिंह धुर्वे। (दोनों निवासी देवरी करनपठार, थाना अनूपपुर)। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने बताया कि प्रकरण के मुख्य आरोपी पुरुषोत्तम चौधरी एवं मस्तराम यादव फिलहाल फरार हैं। गठित पुलिस टीम द्वारा उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के कुशल नेतृत्व में थाना बुढार पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सक्रियता से चोरी गया पशु बरामद कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया।

# पुलिस की मुस्तैदीः धारदार चाकू से राहगीरों को डराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बुढ़ार। पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के निर्देशन में प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध धारदार हथियार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी सार्वजनिक स्थान पर चाकू चमकाकर आम नागरिकों में दहशत का माहौल पैदा कर रहा था।**

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

घटना दिनांक 25 मार्च की है। थाना बुढार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पकरिया पंचायत कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर एक युवक हाथ में धारदार चाकू लिए खड़ा है और वहां से गुजरने वाले राहगीरों



को डरा-धमका रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में तत्काल एक पुलिस टीम मौके के लिए रवाना की गई।

भागने की कोशिश हुई नाकाम

पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो आरोपी हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत करता मिला। पुलिस को देखते ही आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और उसे मौके पर ही दबोच लिया।

आरोपी की पहचान और जब्ती

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान में। बताया प्रकाश उर्फ नानभाई यादव पिता नारायण प्रसाद यादव निवासी, ग्राम नौगई, थाना बुढार, जिला शहडोल। पुलिस ने गवाहों के समक्ष आरोपी के कब्जे से लोहे का एक धारदार चाकू (कीमत लगभग 150/- रुपये) बरामद कर विधिवत जब्त किया।

### कड़ी कानूनी कार्रवाई

आरोपी का यह कृत्य आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत दंडनीय पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। चूंकि आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है और उसके फरार होने की प्रबल संभावना थी, इसलिए पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण कर उसे हवालात में रखा। जब्तशुदा हथियार को सीलबंद कर मालखाने में जमा कराया गया है। 25 मार्च 2026 को ही आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल खत्म हुआ।



# आंगनबाड़ी केंद्र कटकोना में विद्यारंभ कार्यक्रम का किया आयोजन-नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रदत्त किया गया प्रमाण पत्र

**बुढार। आंगनबाड़ी केंद्र कटकोना क्रमांक 1 एवं 2 का संयुक्त विद्यारंभ कार्यक्रम भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया, जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। बच्चों के उज्ज्वलमय भविष्य और उनकी प्रारंभिक शिक्षा के पुनीत उद्देश्य से विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 व 2 का संयुक्त रूप से मनाया गया, जिसमें 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्यालय प्रवेश हेतु प्रमाण पत्र वितरित किया गया।**

विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम ग्राम पंचायत कटकोना के उपसरपंच शिवेन्द्र सिंह के मुख्यातिथ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत बच्चों ने कविता, गीत एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुत दी और वे आकर्षण का केंद्र बने। परिधि नामदेव, रुचि बैगा एवं उमा चौधरी की प्रस्तुतियों को देख अतिथियों ने काफी सराहा, वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के लिए सामूहिक गतिविधियां भी कराई गईं। कार्यक्रम अवसर पर केंद्र क्रमांक 1 के 12 एवं केंद्र क्रमांक 2 के 3 बच्चों सहित कुल 15 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम अवसर पर ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच चुल्ली बैगा, पंचायत सचिव रूपेश कुशवाहा, माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका उर्मिला श्रीवास्तव, निर्मला सिंह चंदेल, ए.एन.एम. लक्ष्मी सोनी, सी.एच.ओ. रेखा कोल, आशा सहयोगिनी सविता तिवारी तथा अभिभावक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आयोजन को भव्य स्वरूप देने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता क्रमांक 1 प्रीति नामदेव, एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता क्रमांक 2 रंजीता शर्मा, व सहायिका माया नामदेव एवं राधिका त्रिपाठी की महती भूमिका रही।

# दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का होगा भव्य आयोजन





बुढार। नगर के मध्य नारायण सरोवर में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बुढार स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य महंत अर्जुन दास महाराज के सदप्रेरणा से श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बुढार के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जो 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलेगा। अनंत श्री विभूषित श्री जगदगुरु श्री रामानुजाचार्य श्री महाराज श्री श्री 1008 श्री धराचार्य जी महाराज अशरफी भवन अयोध्या पीठाधीश्वर श्री अयोध्या धाम की अमृतमयी वाणी से नगर एवं आसपास के श्रद्धालु धर्मप्रेमियों को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का पुण्य लाभ अर्जित होगा। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 7 अप्रैल को कलश यात्रा से होगा।

# रामनवमीं के पावन पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

**ब्योहारी। ब्योहारी गायत्री शक्तिपीठ मुख्य पुजारी प्रवाचक जी चैत्र नवरात्रि का आंठवे दिन पावन पर्व में सुबह उठकर आज के दिन दुर्गाष्टमी में आठवाईन चढ़ाएं गये। भक्तों के द्वारा माता रानी को श्रृंगार साथ ही भोग में आने वाले मीठा हलुआ,घी से बनी मीठी पूरी श्री फल, भक्त जनों के द्वारा लाया गया सामाग्री को माता रानी को भोग का प्रसाद चढ़ा कर भक्त को वापस देते हैं।**



पुजारी जी ने बताया कि शुक्रवार को भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव मनाया और गायत्री शक्तिपीठ ब्योहारी में रामनवमीं के पावन पर्व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कन्या भोजन सभी भक्तों के लिए स्वादिष्ट भंडारे ब्योहारी क्षेत्र के लोगों आंमत्रित है।

**खबर संक्षेप**

## कल अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर होगा सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के पावन दर्शन



**अनूपपुर।** नगर के संगतजन और श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत खुशी और सौभाग्य का अवसर आने वाला है। कटनी हरे माधव दरबार के गद्दीनशीन सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब की परमार्थी एवं रूहानी यात्रा कटनी से रायपुर की ओर प्रस्थान कर रही है। इसी यात्रा के दौरान गुरु आज्ञा से अनूपपुर में संगत को पावन दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। जानकारी के अनुसार 28 मार्च, शनिवार को सुबह 8:55 बजे संपर्कक्रांति एक्सप्रेस के अनूपपुर पहुंचने के समय अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के पावन दर्शन होंगे। इस शुभ अवसर को लेकर नगर के संगतजनों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने नगर के सभी श्रद्धालुओं, प्रेमियों और संगतजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्टेशन पहुंचकर सतगुरु साहिब के दर्शन कर अपने मानव जीवन को सफल बनाएं और आशीर्वाद प्राप्त करें। बताया गया कि यह यात्रा पूरी तरह परमार्थ और मानव कल्याण के उद्देश्य से की जा रही है, जिसमें सतगुरु का संदेश प्रेम, सेवा और भाईचारे को बढ़ावा देना है। दर्शन कार्यक्रम को लेकर स्थानीय संगत द्वारा स्वागत की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सतगुरु के दर्शन से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक शक्ति का संचार होता है। इस पावन अवसर को लेकर पूरे शहर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

### अनूपपुर जिले का नया अजूबा

# नई शराब दुकान का ठेका 8 करोड़ 90 लाख पार

### तो क्या छोटे गांव में करोड़ों की बोली अवैध शराब पैकारी को बढ़ावा तो नहीं?

**अनूपपुर। अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ का लीलाटोला एक ऐसी शराब दुकान जो सबसे ज्यादा चर्चा में है। एक छोटे से पंचायत स्तर के गांव की दुकान की बोली 8 करोड़ 90 लाख तक पहुंचना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। आखिर ऐसा क्या खास है इस जगह में कि ठेकेदार करोड़ों का दांव लगाने को तैयार हुए है? स्थानीय स्तर पर इसे अवैध शराब नेटवर्क से जोड़कर देखा जा रहा है।**

वर्ष 2026-27 की ई-टेंडर प्रक्रिया में अनूपपुर जिले में शराब दुकानों की नीलामी से सरकार को भारी राजस्व वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन जिले के पुष्पराजगढ़ के लीलाटोला शराब दुकान की बोली ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह गांव न तो बड़ा बाजार है और न ही यहां इतनी खपत है कि 8 करोड़ से अधिक की बोली को जायज ठहराया जा सकता है। जानकारों और स्थानीय लोगों का मानना है कि यह सिर्फ वैध बिक्री का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे अवैध शराब पैकारी और बड़े नेटवर्क का संचालन छिपा हुआ है। यह इलाका पहले भी संदिग्ध गतिविधियों के लिए जाना जाता रहा है। राजेंद्रग्राम दुकान क्रमांक-2 के रूप में पहले संचालित यह दुकान अब नए नाम और नई ऊंचाई के साथ सामने आई है, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि खेल अब बड़ा हो चुका है।

### छोटी पंचायत, करोड़ों की बोली, समझ से परे गणित

लीलाटोला जैसे छोटे गांव में 8 करोड़ 90 लाख की बोली लगना सामान्य व्यापारिक गणित से मेल नहीं खाता है। यहां की आबादी सीमित है और शराब की खपत भी बड़े शहरों जैसी नहीं है। इसके बावजूद इतनी बड़ी राशि का निवेश यह संकेत देता है कि ठेकेदार केवल स्थानीय बिक्री पर निर्भर नहीं हैं। यह बोली बताती है कि इस दुकान को बड़े स्तर पर सप्लाई केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां से आसपास के क्षेत्रों में शराब की खपत को नियंत्रित किया जा सके।

### दुकान का नाम बदला, खेल वही

वर्ष 2024-25 में यह दुकान राजेंद्रग्राम दुकान क्रमांक-2 के नाम से नीलाम हुई थी और शिवरीचंदास में संचालित भी रही है। वर्ष 2025-26 में इसका ठेका वीरेंद्र राय के पास रहा, जो अवैध रूप से कुछ समय बसनिहा सांधा में संचालित रहा है विरोध के बाद लीलाटोला में दुकान कुछ महीनों के लिए संचालित किया गया जो शुरू से ही विवादित रहा है, अब 2026-27 में यही दुकान लीलाटोला नाम से सामने आई और बोली कई गुना बढ़ गई है। इससे यह संकेत मिलता है कि पिछले वर्ष से ही इस क्षेत्र को बड़े नेटवर्क के लिए तैयार किया जा रहा था।



### अवैध पैकारी का सुरक्षित ठिकाना

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लीलाटोला अवैध शराब पैकारी के लिए सबसे सुरक्षित स्थान बन चुका है। यहां से अमरकंटक, डिंडोरी और पुष्पराजगढ़ के पश्चिमी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर शराब सप्लाई की जाती है। जंगल और दूरस्थ भौगोलिक स्थिति के कारण यह क्षेत्र निगरानी से भी बचा रहता है। यही वजह है कि ठेकेदार इसे 'सुरक्षित निवेश' मानकर करोड़ों की बोली लगा रहे हैं गौरतलब हो कि बीते वर्ष तात्कालिक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा किनारे बसे शहर गांव में शराब की बिक्री नहीं की जा सकती है लेकिन सभी नियम कागज़ों तक ही सीमित नजर आते है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बया करती है।

### आबकारी और पुलिस पर सवाल

इतनी बड़ी बोली और लगातार उठ रहे आरोपों के बावजूद आबकारी विभाग की चुप्पी समझ से परे है। स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि विभाग को सब कुछ पता होने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है। वहीं पुलिस पर भी 'चढ़ोत्तरी' लेकर शांति बनाए रखने का आरोप लगाया जाता है। अगर यह सच है, तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि सिस्टम की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### राजस्व बढ़ा, लेकिन क्या नियंत्रण भी?

सरकार के लिए यह नीलामी राजस्व बढ़ाने का माध्यम जरूर बनी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या नियंत्रण भी उतना ही मजबूत है? 8 करोड़ से अधिक की बोली यह दिखाती है कि बाजार में पैसा बहुत बड़ा है। यदि इस पर निगरानी नहीं रखी गई, तो यह राजस्व के साथ-साथ अवैध कारोबार को भी बढ़ावा दे सकता है। ऐसे में प्रशासन को सिर्फ कमाई नहीं, बल्कि नियंत्रण और पारदर्शिता पर भी ध्यान देना होगा, लीलाटोला शराब दुकान की 8 करोड़ 90 लाख की बोली सिर्फ एक नीलामी नहीं, बल्कि कई अनसुलझे सवालों का संकेत है। अब जरूरत है निष्पक्ष जांच की, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह खेल वैध व्यापार का है या अवैध नेटवर्क का विस्तार का है।

## 15 दिन पुरानी महिला की सड़ी-गली मिली लाश, हत्या की आशंका

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला अंतर्गत थाना चचाई क्षेत्र स्थित शारदा माइंस इलाके में एक टीले पर लगभग 25 वर्षीय महिला का सड़ी-गली हालत में शव मिला, जिसकी सूचना चचाई थाने को दी गई, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके से आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद कर मृतका की पहचान मनीषा कहार निवासी रामपुर बेलिया के रूप में की है। शव करीब 15 दिन पुराना बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पंचनामा बना कर मृतका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया है। मृतक मनीषा 15 दिनों से घर से लापता थी जिसकी सूचना भी परिजनों ने पुलिस को दी थी लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं लगी परिजनों ने इधर उधर ढूड़ा उसका कोई पता नहीं चला कल 25 मार्च को उसका शव चचाई क्षेत्र स्थित शारदा माइंस इलाके में एक टीले पर मिला जहाँ पर हत्या की घटना को अंजाम देना लग रहा है परिजनों ने पुलिस अधीक्षक अनूपपुर से उक्त मामले की जल्द सुलझाने व आरोपियों को जल्द गिरफ्तार की मांग की है।

## अनूपपुर स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन





### सतर्कता, सजगता एवं कार्य कुशलता पर दिया गया विशेष बल

**अनूपपुर।** मंडल संरक्षा विभाग, बिलासपुर द्वारा रेल संरक्षा को सुदृढ़ बनाने, कर्मचारियों में सतर्कता, सजगता एवं कार्य कुशलता को बढ़ावा देने तथा ग्रीष्मकालीन चुनौतियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से अनूपपुर स्टेशन पर एक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के निर्देशन तथा उनकी उपस्थिति में संपन्न हुई। संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, एसएसई, जेई, डीटीआई, लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, प्वाइंट्समैन, गेटमैन, टेक्नीशियन एवं गेंगमैन सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान संभावित दुर्घटनाओं के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक सावधानियों एवं उपायों पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रीष्मकालीन सावधानियों एवं ट्रैक डी-स्ट्रेसिंग की प्रक्रिया पर विशेष रूप से विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उच्च तापमान के दौरान ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त स्पीड प्रतिबंध, वर्कसाइट प्रोटेक्शन, शंटिंग के दौरान सुरक्षा उपाय, लोड स्थिरीकरण, इंटरलॉक एवं नॉन-इंटरलॉक प्वाइंट्स पर सावधानियां, ओएचई ब्लॉक के दौरान सुरक्षा, साइडिंग में लोडिंग-अनलोडिंग के समय अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सिविल डिफेन्स के घनश्याम सिंह राज द्वारा अग्निशमन, प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन ने कर्मचारियों को संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष रूप से कार्य के दौरान शॉर्टकट अपनाने से बचने तथा निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के भीतर सुरक्षित तरीके से कार्य संपन्न करने पर बल दिया। मंडल संरक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे रेल परिचालन को और अधिक सुरक्षित, सुगम एवं प्रभावी बनाया जा सके।

## चैत्र नवरात्रि में अमरकंटक बना आस्था का दिव्य धाम



### हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा का पाया आशीर्वाद

**अमरकंटक।** चैत्र नवरात्रि के पावन एवं पुण्यमयी अवसर पर मध्यप्रदेश की देवभूमि अमरकंटक में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम संगम देखने को मिला। पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान देश के विभिन्न कोनों से हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा के श्रीचरणों में उपस्थित होकर आत्मशुद्धि और पुण्य अर्जन हेतु अमरकंटक पहुंचे। नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही रामघाट एवं कोटि तीर्थ कुंड पर श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ उमड़ती रही। प्रातः कालीन बेला में जब सूर्य की प्रथम किरणें धरती को आलोकित करती हैं, उसी समय श्रद्धालु मां नर्मदा के पावन जल में आस्था की डुबकी लगाकर अपने जीवन को पवित्र करने का भावपूर्ण प्रयास करते नजर आए। "जय मां नर्मदे" के गूंजते जयघोषों से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। पावन स्नान के उपरांत श्रद्धालु नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन करते हुए मां से अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना करते रहे। प्रत्येक श्रद्धालु के मुखमंडल पर भक्ति, विश्वास और आत्मिक शांति की दिव्य आभा स्पष्ट झलकती रही। पूरे नवरात्रि काल में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से अमरकंटक के घाटों एवं मंदिर परिसर में आध्यात्मिक चेतना का प्रवाह निरंतर बना रहा। दूर-दराज से आए तीर्थयात्रियों ने यहां के अन्य पवित्र स्थलों का भी दर्शन कर अमरकंटक की प्राकृतिक सुंदरता और सात्विक वातावरण का अनुभव किया। नवरात्रि के इस महापर्व ने एक बार पुनः अमरकंटक को सनातन आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा के जीवंत केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया, जहां हर हृदय मां नर्मदा की भक्ति में लीन होकर आत्मिक आनंद की अनुभूति करता रहा।

## संवाद योजनान्तर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले की सभी नवांकुर संस्थाओ की एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आज जिला कार्यालय मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अनूपपुर कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर में किया गया। इस दौरान संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद शहडोल भीम सिंह डामोर, जिला समन्वयक उमेश कुमार पाण्डेय, सहायक संचालक उद्यनिकी विभाग अनूपपुर दुर्गेश श्याम, विकासखंड समन्वयक जैतहरी फते सिंह मार्को सभी विकासखंड की नवांकुर संस्था, सी एम इंटर्न उपस्थित रहे। संभाग समन्वयक द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रस्फुटन प्रशिक्षण, ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान, नर्सरी संचालन, संस्कार केंद्र संचालन, जन सूचना केंद्र संचालन, प्याऊ संचालन, सेक्टरस्तर बैठक, आदि विषयों पर सभी नवांकुर संस्थाओ की विस्तार से समीक्षा की उन्होंने ने कहा कि सभी लोग टीम भावना से एकजुट होकर कार्य करें। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद अनूपपुर द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत कार्ययोजना निर्माण कर कार्य करने की बात कही उन्होंने दिनांक तक नवांकुर संस्थाओ द्वारा जिले में किये गए कार्यो का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यशाला में उद्यनिकी विभाग के सहायक संचालक द्वारा सभी को नर्सरी निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया इस दौरान उन्होंने पॉलीथिन बेग की उपलब्धता, बीज निर्माण, पौधा रोपण, सिंचाई, मिट्टी परीक्षण, मौसम की अनुकूलता, आदि विषयों सहित अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की इस दौरान उनके द्वारा सभी नवांकुर संस्थाओ के द्वारा नर्सरी निर्माण के सम्बंध में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया कार्यक्रम के अंत मे सभी प्रतिभागियों द्वारा जिला समन्वयक व ब्लॉक समन्वयक के साथ उद्यनिकी विभाग की नर्सरी का भृमण कर प्रेक्टिकल कर नर्सरी निर्माण का कार्य सीखा कार्यक्रम में स्वागत व आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद फते सिंह द्वारा किया गया।

## एक दिवसीय मेगा लीगल आउटरीच एंड अवेयरनेस कैंप का आयोजन संपन्न

**अनूपपुर।** न्याय की मशाल को जन-जन तक पहुँचाने के पुनीत संकल्प के साथ, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशों के अनुपालन में एवं प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर की अध्यक्षा श्रीमती माया विश्वलाल की गरिमामयी अध्यक्षता सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में 26 मार्च को अनूपपुर जिले के ग्राम सकरा स्थित आरोग्य केंद्र के प्रांगण में एक दिवसीय मेगा लीगल आउटरीच एंड अवेयरनेस कैंप' का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें विधिक साक्षरता के प्रकाश से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आलोकित करने के ध्येय को चरितार्थ करते हुए आसपास के सुदूर अंचलों जैसे बैरीबांध, जमुडी, किरर, खम्हरिया, मौहरी, परसवार तथा देवहरा आदि ग्रामों से उमड़े जनसैलाब, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सजग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, समर्पित सहायिकाएं, स्वास्थ्य क्रांति की संवाहक आशा कार्यकर्ताएं, राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य मानी जाने वाली ऊर्जावान किशोरी बालिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की सक्रिय व अनुशासित भागीदारी सुनिश्चित हुई और इस विधिक मंच के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढिया ने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह, विशेषकर मातृशक्ति को उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों के प्रति पूर्णतः जागृत करते हुए भरण-पोषण के कानूनी प्रावधानों, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम की बारीकियों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणकारी अधिकारों, मानव तस्करी जैसी भयावह सामाजिक बुराई से पीड़ितों के बचाव व उनके सम्मानजनक पुनर्वास की प्रक्रियाओं, वरिष्ठ नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन जीने के मौलिक अधिकारों, दिव्यांगजनों हेतु प्रदत्त विशेष कानूनी सुविधाओं और शासन द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों से संबंधित लोक-कल्याणकारी योजनाओं की अत्यंत सूक्ष्म, सरल व व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर न्याय की सुलभता का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा ने अत्यंत तार्किक ढंग से महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के विविध आयामों को रेखांकित करते हुए कार्यस्थल पर एक भयमुक्त, सुरक्षित व गौरवशाली वातावरण की अनिवार्यता पर बल दिया तथा साथ ही अपराध पीड़ति प्रतिकार योजना के अंतर्गत मिलने वाली त्वरित शासकीय सहायता एवं विधिक उपचारों की ऐसी विस्तृत व्याख्या की जिससे उपस्थित महिलाओं के मध्य स्वावलंबन और आत्मविश्वास का एक नया संचार हुआ, इसी क्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुरीति के विरुद्ध कानूनी प्रहार करते हुए घरेलू हिंसा से प्रभावी संरक्षण, महिला एवं बाल अधिकारों की वैश्विक व संवैधानिक स्थिति तथा लोक अदालत के चमत्कारी माध्यम से बिना किसी आर्थिक भार और समय की बर्बादी के 'सुलभ व त्वरित न्याय' प्राप्त करने की जादुई प्रक्रिया को विस्तार से साझा किया, साथ ही महिला बाल विकास विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर श्रीमती मंजुषा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महिला उत्थानकारी व पोषण संबंधी क्रांतिकारी योजनाओं का लाभ उठाने की सरल विधि से जन-जन को अवगत कराया, जबकि स्वास्थ्य जगत की नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती प्रभा राठौर ने आधुनिक भागदौड़ भरी जीवनशैली में मनोरोग एवं मानसिक तनाव से उपजी गंभीर व्याधियों के प्रति सचेत करते हुए प्रभावी काउंसलिंग एवं सकारात्मक जीवन पद्धति के माध्यम से मानसिक शांति व आरोग्यता प्राप्त करने के बहुमूल्य चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किए। इसके अतिरिक्त डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल रामकृष्ण सोनी ने समाज के निर्धन, वंचित व असहाय व्यक्तियों के लिए न्यायालयीन स्तर पर निःशुल्क विधिक प्रतिरक्षा एवं सुरक्षा कवच प्राप्त करने के पारदर्शी माध्यमों से सबको परिचित कराया तथा असिस्टेंट श्रीमती शोभा पटेल ने समाज की रगों में छिपी बाल विवाह की हानियों एवं इसके विनाशकारी दीर्घकालिक शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों पर तीखा प्रहार करते हुए आमजन को इस सामाजिक अभिशाप को समूल नष्ट करने का दृढ़ संकल्प दिलाया। इस विधिक महाकुंभ में ग्राम पंचायत सकरा के सरपंच संतोष सिंह, पंचायत सचिव संजय मिश्रा, महिला बाल विकास विभाग के समस्त सुपरवाइजर, न्याय के प्रहरी पैरा लीगल वॉलेंटियर्स महेंद्र श्रीवास्तव, राजेश सोनी, रामखेलावन पटेल एवं शिवकांत सोनी सहित लीगल एड डिफेंस काउंसिल के विद्वान अधिवक्ता विकास शुक्ला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के कर्मचारीगणों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को सफलता की नई और गगनचुंबी ऊंचाइयां प्रदान कीं और अंततः यह मेगा कैंप केवल एक सूचनात्मक सत्र न रहकर ग्रामीण अंचल की महिलाओं के लिए एक सशक्तिकरण का महामंच सिद्ध हुआ जहाँ "डरें नहीं, चुप न रहें; कानून आपके साथ है" के संकल्प के साथ न्याय की मशाल को हर घर और हर मन तक पहुँचाने का अद्भुत व अविस्मरणीय प्रयास सफल हुआ।

